सर्राफा व्यापारी को लूटने वाला मुख्य बदमाश गिरफ्तार

भीलवाड़ा जिले के कोटडी थाना इलाके के गाडरी खेडा-जसवंत पुरा गांव के बीच सर्राफा व्यापारी से हुई लूट व फायरिंग के मामले में कोटडी पुलिस ने 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

भीलवाड़ा। जिले के कोटडी थाना इलाके के गाडरी खेडा – जसवंत पूरा गांव के बीच सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूट एव फायरिंग के मामले में कोटडी पुलिस ने 2 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। 9 अगस्त की शाम कोटडी कस्बा निवासी सर्राफा कारोबारी मेड क्षित्रय स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष उच्चब लाल सोनी के साथ बन्दूक की नोक पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था ,नकाबपोश बदमाश ने सोनी के गले मे पहनी करीब 15 तोले सोने की चैन को छीन कर भाग गया था ,घटना के बाद गम्भीर रूप से घायल सोनी को कोटडी अस्पताल लाया गया। सर्राफा कारोबारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की।

कोटडी थाना अधिकारी खींवराज गुर्जर एव शाहपुरा थाना अधिकारी राजकुमार नायक को बदमाश की तलाश की। कोटडी थाना प्रभारी गुर्जर व शाहपुरा थाना प्रभारी राजकुमार नायक ने कोटडी थाने में किए सयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि घटना म बाद घटनास्थल के पास स्थित गाँवों में मुखबिर मामुर किया जाकर गाँव गाँव जाकर प्रार्थी द्वारा बताये आरोपी के हुलिये एवं घटना स्थल पर मिले हथियार के आधार पर आरोपी की तलाश एवं हथियार के बारे में पूछताछ की गई उक्त पुछताछ के दौरान सामने आया की गहुली गाँव के ईश्वर सिंह के पास घटना में प्रयुक्त हथियार के जैसा ही हथियार हो सकता है। जिस पर ईश्वर सिंह की तलाश की जाकर उसके कब्जे से अवैध देशी पिस्टल बरामद की जाकर ईश्वर सिंह को गिरफतार किया गया। टीम द्वारा लूट की वारदात में प्रयुक्त हथियार एवं आरोपी ईश्वर सिंह से बरामद हथियार को चेक किया गया तो दोनों हथियार एक जैसे लगने पर ईश्वर सिंह से कड़ी पुछताछ की गई एवं कोटडी थाना

क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वाले और बेचने वालों का पता लगाया गया। टीम द्वारा कडी से कडी जोड कर कोटडी एवं आसपास के क्षेत्र में अवैध हथियारो की डीलिंग करने वाली गैंग का पता लगाया और मिली सुचना के आधार पर सर्राफा व्यापारी से लुट करने वाले आरोपी की पहचान की गई तो रविन्द्र सिह निवासी रीठ थाना कोटडी का होना ज्ञात हुआ। जिस पर विशेष टीम द्वारा अथक प्रयास करके रविन्द्र सिंह की तलाश की गई व उसे जयपुर से दस्तयाब करके थाना कोटडी पर लाकर कडी पुछताछ की गई तो उसने घटना कारित करना स्वीकार किया।

आरोपी से गहन पुछताछ के दौरान दिनांक 12.05.2022 को सवाईपुर क्षेत्र में पेट्रोल पम्पकर्मी के साथ हुई दो लाख आठ हजार रूपये की लुट का भी खुलाशा हुआ इसी गैंग के दो अन्य सदस्यो देवराज सिंह एवं प्रदीप सिंह द्वारा घटना कारित करना पाया गया, जिनकी तलाश जारी है। गिरफतार आरोपी से गहन पुछताछ की जाकर अन्य सहअभियुक्तों का पता लगाया जाकर जिले की लुट की अन्य वारदातो का खुलाशा होने की पुर्ण सम्भावना है।

रानी सती दादी के मंगल पाठ में आस्था का सैलाब उमड़ा

मयूरा सिटी स्थित दादी धाम मंदिर मे शनिवार को गोगानवमी के उपलक्ष्य मे दादी का मंगल पाठ का आयोजन किया।

मदनगंज-किशनगढ़ (निस)। मयूरा सिटी स्थित दादी धाम मंदिर मे शनिवार को गोगानवमी के उपलक्ष्य मे दादी का मंगल पाठ का आयोजन किया गया। लिखमीचंद ने बताया कि मुम्बई निवासी कुन्दन मिश्रा ने रानी सती मंगलपाठ का वाचन भजनो के साथ किया।

इसके अलावा प्यारा सा दरबार सजाया भजन के साथ दादी करवादे म्हारा ठाठ मै करवासा मंगलपाठ, सोवनी सोवनी मेहंदी लगवालो दादीजी, नाचो गावो खुशी मनावो झूमो रे सब आज दादी आई है आदि भजन प्रस्तुत किये। इस दौरान धर्मानुरागी सुरेन्द्र अठावाल, राजकुमार अग्रवाल मेडता वाले, सुरेश बाजोरिया, विजय अठावाल, राजेन्द्र अठावाल जावला वाले, मधुसुदन, वीरेंद्र, शंकर, प्रहलाद, बेनी गुप्ता, ब्यावर जयपुर के सुशीला, किरन, अनीता, चंदा अग्रवाल, वर्षा, नीलम, जया ,आशा, डिम्पल, सीमा गोयल, जूली, अल्पा मोर ने विशेष सहयोग रहा। अंजलि, सुनिता गुप्ता व अनिता बाजोरिया ने महिलाओ को कंगन पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। समाजसेवी आनन्द भरतिया ने आभार व्यक्त किया। राजेन्द्र अग्रवाल जावला वालो ने बताया कि 26 जनवरी को दादी धाम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा।

नामांकन 22 अगस्त से भरेंगे

नसीराबाद, (निसं)। स्व. गोविंद सिंह गुर्जर राजकीय महाविद्यालय नसीराबाद में छात्रसंघ चुनाव के लिए 22 तारीख सोमवार से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। गोविंद सिंह गुर्जर राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना गोविल के अनुसार छात्र संघ चुनाव 2022 प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार जिन विद्यार्थियों की परीक्षा 2022 का परीक्षा परिणाम नहीं आया है अभी परीक्षा प्रारंभ नहीं हुई है वह भी मतदान करने के पात्र होंगे तथा छात्र संघ चुनाव में भाग ले सकेंगे ऐसे विद्यार्थियों को छात्रसंघ पदाधिकारियों चुनाव लड़ने के लिए ?100 का नॉन जुडिशल स्टांप नोटरी द्वारा सत्यापित करवा कर देना होगा। इस चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सोनाली गोयल होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सोनाली गोयल ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है तथा इस बार कुल 954 मतदाता छात्र संघ चुनाव में भाग लेंगे मतदाताओं के द्वारा छात्र संघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव एवं संयुक्त सचिव के अलावा विभिन्न कक्षाओं के 22 कक्षा प्रतिनिधि चुने जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 23 अगस्त मंगलवार को प्रात: 10 बजे वेद नामांकन पत्र वाले प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित की जाएगी।

सार-समाचार

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

बिजयनगर, (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की 78वी जयन्ती शनिवार को गांधी स्मारक उद्यान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सदभावना दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें श्रद्धा से याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओ ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए संचार क्रांति का जनक बताया। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष दौलत माणकचन्दानी, पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा , श्याम नागौरी ,सम्पतराज बाबेल, इकबाल हुसैन, सुशील शर्मा , पार्षद नौशाद मोहम्मद, दाऊद कुरेशी, दुलीचंद बैरवा, शहजाद मंसूरी, हरीश शर्मा ,जितेंद्र बैरवा, राजेंद्र गुर्जर, गुरुभेज सिंह टुटेजा ,सीताराम पंवार,लादू राम भील ,सुरेन्द्र कावडिया, अब्दुल अजीज कुरैशी, अब्दुल हकीम चौधरी, अजीत यादव ,प्रदीप बडोला ,सत्यनारायण शर्मा, देवाराम गुर्जर, गोपाल सिंह राठौड़, सुरज करण जाट, रामपाल चौहान,सुभाषअजमेरा ,राजू तिवाडी,रमाकांत कुमावत, बुधराज धानका ,धर्मा गुर्जर प्रहलाद बोहित, उस्मान पठान नोरत पंचोली सहित कांग्रेस कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि मोजूद रहे। वहीं मदनगंज-किशनगढ़ ब्लॉक कांठोस कमेटी की और से राजीव गांधी स्मृति भवन में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। वरिष्ठ कांठोसी नेता शांतिलाल झांझरी ने कहां संचार क्रांति के जनक राजीव गांधी थे, उन्होंने तीन दशक पहले अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की नीव रखी।

खाटू बाबा का वार्षिकोत्सव 7 को

नसीराबाद, (निसं)। खाटू वाले श्याम बाबा का 31वाँ वार्षिकोत्सव आगामी 7 सितंबर को श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल के अजय गर्ग और कपिल चौकडीवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खाटू वाले श्याम बाबा का वार्षिकोत्सव 7 सितंबर 2022 बुधवार को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्याम बाबा की शोभायात्रा शाम 4:00 बजे फ्रामजी चौक स्थित जीडी डावर से रवाना होगी जो मुख्य मार्ग से होते हुए गांधी चौक पर संपन्न होगी तथा वहां पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या के दौरान श्याम बाबा का आकर्षक दरबार सजाया जाएगा तथा इतर एवं फूलों की वर्षा की जाएगी भजन संध्या में रजनी राजस्थानी चैतन्य दाधीच और नीतू पांडे अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे तथा संगीत व्यवस्था निजाम एंड पार्टी की होगी। भजन संध्या रात्रि 9 बजे प्रारंभ होगी तथा उसके पश्चात महाआरती की जाएगी और उसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक धर्म प्रेमी इस भजन संध्या में पधारे और पुण्य लाभ अर्जित करें।

दही–हांडी फोड़ आयोजित

गुलाबपुरा, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल,दुर्गा वाहिनी, श्री केशव माधव समिति द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन व दही हांडी फोड़ कार्यक्रम भव्य व शानदार आयोजित हुआ।

महाराणा प्रताप सर्कल बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम से पूर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो श्री राम मंदिर परशुराम सर्किल से शुरू होकर विविध झांकियों के साथ, विभिन्न अखाड़ा के प्रदर्शन के साथ शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड महाराणा प्रताप सर्कल पर पहुंची जहाँ श्री गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ, कार्यक्रम में बाहर से आये कलाकारों द्वारा शानदार प्रदर्शन व प्रस्तुतियों दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भव्य दही हांडी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दो साल कोराना काल के बाद आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगो की भीड़ उमडी !कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद के पृथ्वी सिंह ब्यावर व विहिप के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, आर एस एस के जिला सरसंचालक कैलाश चंद, सत्य प्रकाश जी त्यागी महाराज, नरेंद्र कैलानी के आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भाजपा नेता धनराज गुर्जर, शिवसिंह राठौड़, अमित आत्रेय, कमल शर्मा, दुर्गा लाल, सहित विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल, केशव माध्यम उत्सव समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद थे।

कमीशन नहीं मिलने से राशन डीलर नाराज

अजमेर (कासं)। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फैडरेशन इकाई राजस्थान अजमेर के पदाधिकारियों शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिले के राशन डीलरों को कमीशन का समय पर भुगतान नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि राशन डीलरों का 11 माह से बकाया चल रहे कमीशन का शीघ्र भुगतान किया जाए। विभागीय अधिकारियों और समय पर कमीशन नहीं मिलने पर जताई नाराजगी।

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फैडरेशन इकाई राजस्थान के प्रदेश सचिव सुरेश कुमार सैनी, जिला मीडिया प्रभारी लोकेन्दर शर्मा, जिला महासचिव धीरज गोयल, जिला सहसंयोजक सतीश चन्द आसोपिया ने बताया कि अजमेर के राशन डीलरों में कमीशन को लेकर भारी असंतोष व्याप्त है, 11 महिनों से राशन डीलरों को कमीशन नहीं मिला है, जिससे अपना परिवार का पालन पोषण करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। कई राशन डीलर अपने स्वयं के खर्चे से पैसा लगाकर दुकान का संचालन कर रहे हैं, आशा लगाएं बैठे है समय पर कमीशन मिलेगा, लेकिन राशन डीलरों की सेवाभाव का रसद विभाग व खाद्य निगम नाजायज फायदा उठा रही है। द्ध

राशन डीलरों को समय पर कमीशन देने के बजाए राशन डीलरों पर बकाया राशि निकाली जा रही है जो न्याय संगत नहीं है। पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में प्रदेश स्तर पर ज्ञापन देकर त्यौंहारों पर राशन डीलरों को समय पर कमीशन का भुगतान कर राहत देने की मांग की गई थी, लेकिन आज दिनांक तक विभागीय अधिकारियों द्वारा एक ही रोना रोया जाता रहा है, अभी कमीशन के लिए राज्य सरकार से बजट नहीं आया है। पदाधिकारियों ने बताया एक राशन डीलर ने अपनी पीड़ा बताई, जिसमें बताया कि उसकी पोस मशीन संख्या 22075 जिसकी क़ीमत विभागीय आदेशानुसार 22 हजार 500 रुपए है, जिसकी किस्त हर माह लगभग 4600 रुपए किस्तों में काटे जा रहे है, एक साल 55 हजार 200 रुपए लगभग हर वर्ष काटे जा रहे है, जबकि इस पोस मशीन से वर्ष 2016 से राशन का वितरण का कार्य कर रहा है,जिसकी गणना की जाए तो मेरे द्वारा कितनी राशि विभाग ने मशीन पेटे जमा करली है, इसका जवाब तो रसद विभाग के अधिकारी ही दे सकते है, यह राशन डीलरों के साथ अन्याय है।

विकास कार्यों का निरीक्षण

अजमेर (कासं)। जिला कलेक्टर अंश दीप एवं अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त अक्षय गोदारा ने शुक्रवार को अजमेर शहर में विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

अजमेर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर अंश दीप तथा प्राधिकरण के आयुक्त अक्षय गोदारा ने प्राधिकरण के द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने डीडी पुरम योजना के सड़क निर्माण, ब्यावर रोड पर विकास कार्य, सम्राट पृथ्वीराज खेल नगर में निर्माणाधीन खेल गर्ल्स हॉस्टल, भगवान गंज में बीएसयूपी क्वार्टर का मरम्मत कार्य एवं जेएलएन में सर्जिकल ब्लॉक में प्रगतिरत निर्माण कार्य देखे। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप रखने के लिए कहा।

जेपी नगर में किया खेल मैदान में पौधारोपण- जिला कलक्टर अंश दीप एवं प्राधिकरण आयुक्त अक्षय गोदारा ने ज्वाला प्रसाद नगर में प्राधिकरण द्वारा बनाए गए खेल मैदान में पौधारोपण कर शुभारंभ किया। इसके निर्माण में लगभग 55 लाख की लागत आई थी। इससे पूर्व प्राधिकरण द्वारा नागरिकों के लिए मोईनिया स्कूल तथा जवाहर स्कूल में भी खेल मैदान बनाए गए थे। राजा कोठी स्कूल के खेल मैदान का कार्य अंतिम चरण में है। माखुपुरा और हरिभाऊ उपाध्याय नगर में भी खेल मैदान निर्माणाधीन है।

महिला के खिलाफ हनीट्रैप की शिकायत

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा की रहने वाली एक महिला ने मध्यप्रदेश के देवास में दो डॉक्टरों के साथ मिलकर एक नर्सिंग होम संचालक के साथ हनीट्रैप की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित संचालक में देवास के कोतवाली थाने में 11 पन्नों की शिकायत दी जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

देवास जिले के एसपी शिवदयाल सिंह ने बताया किस क्षेत्र में नर्सिंग होम चलाने वाले डॉक्टर पवन कुमार चिल्लोरिया ने भीलवाड़ा निवासी एक महिला जोया उर्फ मोनिषा डेविड के साथ ही देवास के डॉक्टर संतोष दबाड़े और टोकखुर्द निवासी महेंद्र गालोधिया के खिलाफ 11 पन्नो की शिकायत दी, जिसमे उन्होंने ब्लैकमेलिंग कर हनी ट्रैप मामले में फंसाकर रूपए ऐंठने का आरोप लगाया। कोतवाली थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 384,120 बी के तहत दर्ज केस दर्ज किया है। एसपी सिंह ने बताया की शिकायत में बताया गया है की डॉक्टर से करीब 9 लाख ऐंठे गए हैं। मामले में फिलहाल तीन आरोपी बनाए गए है। एसपी ने बताया कि 17 जून 2022 को फरियादी डॉक्टर पवन कुमार के पास एक युवती का फोन आया महिला ने अपना नाम दो या स्थान होना बताया और वह बोली गलती से आपको फोन लग गया है लेकिन आप से बात करने के बाद ऐसा लगा कि आप अच्छे इंसान हैं और आपसे दोस्ती की जा सकती है इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई और मेल मिलाप के दौरान कुछ फोटो वीडियो भी बना लिए गए फिर इस महिला से क्षेत्र के ही 2 डॉक्टरों ने मिलकर षड्यंत्र रचा और तीनों ने डॉक्टर को डरा धमका कर 900000 की वसूली की इसके बाद भी वे लगातार डॉक्टर पर और पैसे देने का दबाव बनाते रहे इससे परेशान होकर उसने मामला दर्ज करवाया है।

राजीव गांधी को कांग्रेसियों ने किया नमन

अजमेर (कासं)। भारत में सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार क्रांति के जनक, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर शनिवार को पंचशील स्थित राजीव गांधी स्मारक पर स्व.राजीव की प्रतिमा पर कांठोसियों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

शहर कांठोस कमेटी के द्वारा शनिवार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी 78वीं जन्म जयन्ती मनाई, इस अवसर पर काठोंसी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पंचशील नगर राजीव सर्किल स्थित राजीव स्मारक पर पुष्पाजंली अर्पित कर नमन किया। शहर कांठोस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन ने कहा राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण व भारतीय सूचना क्रांति के जनक थे, उन्होंने युवाओ को देश निर्माण में भागीदारी निभाने हेतु सैदेव प्रेरित किया। भारत को विकसीत देश बनाने में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए देश हमेशा उनके प्रति कृतज्ञ रहेगा तथा उनके जीवन मूल्य सदैव हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।

इस अवसर पर शहर कांठोस के अध्यक्ष विजय जैन, पूर्व प्रदेश सचिव महेन्द्र सिंह रलावता, डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी, पूर्व सभापति कमल बाकोलिया, कुलदीप कपूर, गिरधर तेजवानी, महेश ओझा, प्रताप यादव, नौरत गुर्जर, बिपिन बेंसिल, रश्मी हिगोरानी,लक्ष्मी बुंदेल, मुन्नवर खान, कैलाश कोमल, मनीष सेन, सोना धनवानी, सौरभ यादव, सुरेश लद्ड, राजनारारण अशोपा, शमशुद्दीन, कमल गंगवाल, दिनेश के शर्मा, शिवराज भडाना, शक्ति सिह रलावता, अशोक सुकरिया, भोमसिह गुर्जर, नीरज यादव, मुकेश राठोर, धर्मा गुर्जर ईशवर टहलियानी, गिरिश आसनानी, विनोद आसनानी,महेन्द्र कटारिया,आमीन खान,निर्मल, सुरेश राठौड़ मौजूद रहे।

कांठोस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ ने दी श्रद्धांजलि :- पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की जयंती पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जयपाल ने कहा कि भारत को एक सुदृढ़ एवं सशक्त राष्ट्र बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान को सदैव याद किया जाएगा। देश की एकता और अखंडता के लिए कुर्बानी देने वाले राजीव के योगदान से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजय पुरोहित अजमेर शहर जिला कांठोस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष कुलदीप कपूर फकरे मोईन महासचिव शिव कुमार बंसल डॉ जीएस बुंदेला डॉ सतीश शर्मा मयंक शुभम भूपेंद्र चौहान सुरेश्वर शैली भावना चौहान सहित बड़ी संख्या में कांठोस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ब्यावर में महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूल का उद्घाटन

विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने भीम के दिवेर में अंग्रेजी माध्यम स्कूल का उद्घाटन किया।

ब्यावर (निसं) प्रदेश की गहलोत सरकार ग्रामीण प्रतिभाओं को हर क्षेत्र में उचित स्थान दिलाने को प्रतिबद्ध है। गांव के बच्चे प्रारंभ से ही अंग्रेजी माध्यम की उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर देश की उच्चस्तरीय सेवाओं में भागीदार बने। सरकार की इसी मंशा का परिणाम है कि तहसील, पंचायत समिति एवं पंचायत मुख्यालयों जैसे छोटे स्थानों पर अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय खोले गए हैं।

विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने बताया की सरकार कि स्पष्ट मंशा है कि गांव में रहने वाले गरीब किसान दलित एवं पिछड़ों के बच्चे अंग्रेजी माध्यम की अच्छी शिक्षा ग्रहण कर प्रदेश एवं देश की नीति निर्धारण करने जैसी सिविल सेवाओं मैं भर्ती हो। विधायक सुदर्शन सिंह रावत शनिवार को भीम के दिवेर की मोटा की गुआर मैं राज्य सरकार द्वारा नवीन स्वीकृत महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विधायक रावत ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा की अब आसानी से बच्चे आसानी से अंठोजी माध्यम की अच्छी शिक्षा ठाहण करेंगे। हमारा युवा शरीर से फिट रहें इसको लेकर गांव गांव पंचायत मुख्यालय पर रनिंग ट्रेको का निर्माण करवा जा रहा है। दोनों तहसील मुख्यालयों पर राजकीय महाविद्यालय में जीव विज्ञान गणित एवं वाणिज्य संकाय खुल चुके हैं।

भीम देवगढ़ दोनों मुख्यालयों पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र को स्वीकृति मिल चुकी है। अब हमारे बच्चे प्राथमिक शिक्षा से ही अंठोजी माध्यम की शिक्षा प्राप्त करें इसके लिए आपके गांव में आज इस विद्यालय का उद्घाटन हो रहा है। विधायक रावत ने मौजूद शैक्षिणक स्टाफ को भी बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का आ ान किया। इस दौरान भंवर सिंह सरपंच दिवेर,करण सिंह , गुलाब सिंह , आशू सिंह , डालू सिंह , नारायण सिंह , वरदा राम , राजू भाई , कालू सिंह , उदयसिंह , वेन सिंह , मांगू सिंह , कमलेश मेवाडा, कानसिंह , सोहनी देवी वार्ड पंच, गणपत सिंह छापली,सवाई सिंह , कानसिंह , धन्नी देवी , कल्याण सिंह , हरीश सालवी, गोपाल सिंह , मोहन सिंह, घीसा सिंह , रामसिंह, मुकेश , महाराणा प्रताप युवा सेना के समस्त कार्यकर्ता एवं समस्त ठाामवासी उपस्थित रहे।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

श्रीमती अनिता देवी पत्नि श्री रोशनलाल आदीवाल ने आवास संख्या S-2 भगवानगंज की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। मूल आंवटी श्री बाबूलाल पुत्र उतमचन्द उक्त आवास अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 13.09.1988 को श्री भगवानदास को विक्रय कर दिया। श्री भगवानदास की मृत्यु दिनांक 31.01.1989 को हो चुका है इनके वारिस क्रमश: 1. लक्ष्मी देवी(पत्नि) 2. राजू टेकचन्दानी (पुत्र) 3. महेश टेकचन्दानी (पुत्र) 4. दिनेश कुमार टेकचन्दानी (पुत्र) 5. भवानी शंकर टेकचन्दानी (पुत्र) ने वारिसान की हैसियत से जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 24.02.2022 को श्रीमती अनिता देवी पत्नि श्री रोशनलाल आदीवाल को विक्रय कर दिया है। प्रार्थीया ने स्वयं को आवास का अंतिम क्रेता बताया है। अत: पश्चातवर्ती क्रेता को हस्तान्तरण पर अंतिम क्रेता के नाम सीधे ही पंजीयन के सम्बन्ध में वित विभाग की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के क्रम में एवम राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.3(1201) नविवि/3/2012 दिनांक 24.03.2021 की अनुपालना में उक्त आवास संख्या S-2 भगवानगंज श्रीमती अनिता देवी पत्नि श्री रोशनलाल आदीवाल के नाम लीज डीड जारी किये जाने से किसी को आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय दस्तावेजों के शपथ पत्र सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता को आपति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्ति के पश्चात कोई भी उजर दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं उक्त आवास संख्या S-2 भगवानगंज श्रीमती अनिता देवी पत्नि श्री रोशनलाल आदीवाल के नाम परिवर्तन कर लीज डीड जारी कर दी जावेगी।

योजना प्रभारी अधिकारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)

Branch : Station Road , Ajmer (Raj .)
Email : A0527@psb.co.in Ph : 0145-2429262

परिशिष्ट - IV क { नियम 8 (6) परन्तुक देखें} अचल संपत्ति के विक्रय हेत ई - नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी / जमानतदार को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक के पास गिरवी / प्रभारित है , का कब्जा पंजाब एण्ड सिंध बैंक (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है , को '' जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है '' के आधार पर ऋणी / प्रोपराईटर / जमानतदार:-(1) मैसर्स कर्माज प्रोपराईटर श्री कमलेश खत्री पुत्र श्री रमेश खत्री (2) श्रीमती दीपमाला पत्नी श्री कमलेश खत्री से बैंक की बकाया राशि रूपये 2,12,95,383.41 (अक्षरे रूपये दो करोड़ बारह लाख पिच्यानवे हजार तीन सौ तियासी एवं पैसे इकतालीस मात्र) दिनांक 31.07.2022 तक + अप्रयुक्तब्याज+ भविष्य के ब्याज , लागत तथा खर्चे अतिरिक्तवसूली हेतु दिनांक 23.09.2022 को जरिये ई - नीलामी प्लेटफार्म बेवसाईट - https://ww.bankeauctions.com द्वारा बेचा जाएगा । सम्पत्ति का विवरण आरक्षित मूल्य , अग्रिम राशि(धरोहर राशि) एवं अन्य जानकारी सम्पत्ति के आगे निम्नलिखित है ।

ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्ति प्रत्याभूति - दाता का संक्षिप्त ब्यौरा	आरक्षित मूल्य अग्रिम धनराशि बोली वृद्धि राशि	ई - नीलामी का दिनाक एंव समय
आवासीय सम्पत्तियां प्लॉट नं. 8 , 9 , 10 , 11 , एवं 12 जिनका क्षेत्रफल क्रमश: 152.50 वर्गगज, 154.16 वर्गगज, 155.83 वर्गगज, 140 वर्गगज, एवं 153.33 वर्गगज, (कुल क्षेत्रफल 755.82 वर्गगज) है जो कि खसरा नं. 218/ 4 का भाग, बुढ़ा पुष्कर बाईपास रोड, पुष्कर, अजमेर में स्थित है जो कि श्री कमलेश खत्री पुत्र श्री रमेश खत्री के नाम से है । बैंक के पास कोई ज्ञात ऋण भार यदि कोई हो जानकारी नहीं ।	रू. 2,44,21,000/- रू. 24,42,100/- रू. 20,000/- अग्रिम धनराशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक 22/09/2022 सायं 04.00 बजे तक	23/09/2022 दोपहर 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए पंजाब एण्ड सिंध बैंक, शाखा स्टेशन रोड,अजमेर (राज.), प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट अर्थात https://www.bankeauction.com, एवं ई-मेल gujarat@c1india.com,support@bankeauction.com पर देखें।

दिनांक : 20.08.2022 स्थान : अजमेर(राज.) प्राधिकृत अधिकारी (पंजाब एण्ड सिंध बैंक)

पर्यावरण स्वीकृति की सूचना

एम.एल. नं. 67/2021 खनिज ग्रेनाइट क्षेत्रफल 1.002 है राजस्व ग्राम एकलसिंगा तहसील भिनाय जिला अजमेर पट्टेधारी श्री चरण सिंह एवं मुमताज अली खान को पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 5/8/2022 **No F1 (4) SEIAA/SEAC-Raj /Sect/ Project B2 (20820) /2021/2022** द्वारा जारी हुई है।

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक- न.प.कि / कृषि भूमि नियमन / 2022/1300 दिनांक-18/08 2022

आपत्ति विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमियों पर बसी कालोनियों में निम्न भूखण्डधारियों द्वारा आंवटन पटटा चाहने वास्ते आवेदन पेश किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/कारण/ विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमि आवंटन पटटा जारी कर दिया जावेगा।

क्र.सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम सॉवतसर खसरा संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल वर्गगज
1.	श्री गौरव जैन पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार जैन	607/2	07	360.00
2.	श्री गौरव जैन पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार जैन	607/2	8 व 9	380.00
3.	श्री सुरेन्द्र कुमार सकलेचा पुत्र श्री गुलाब सिंह	607/2	2 व 3	311.66
4.	श्रीमती निकिता जैन पत्नी श्री गौरव जैन	607/2	6	330.66
5.	श्री सुशीला सकलेचा पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार सकलेचा	607/2	4 व 5	366.66

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़